Regarding need to bring Bithalpur Airport under UDAN scheme-Laid

श्री अरुण भारती **(जमुई) :** जमुई जिला धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अपार महत्व रखता है । यहाँ जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर, भगवान महावीर की जन्मस्थली लछुआड़ है, जहां महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली समेत पूरे देश से लाखों श्रद्धालु आते हैं । हवाई मार्ग की सुविधा न होने के कारण इन श्रद्धालुओं को आवागमन में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है । बिठलपुर हवाई अड्डा मैदान की व्यवहार्यता 1995 में तत्कालीन मुख्यमंत्री के सरकारी विमान के उतरने से सिद्ध हो चुकी है । इस हवाई अड्डे को 19 सीटों तक की क्षमता वाले छोटे विमानों के संचालन के लिए आसानी से विकसित किया जा सकता है । इसके शुरू होने से न केवल जैन श्रद्धालुओं को सुविधा होगी, बल्कि जमुई के साथ-साथ बाँका, मुंगेर, शेखपुरा, लखीसराय और नवादा जैसे पड़ोसी जिलों के निवासियों के लिए भी रोजगार और विकास के नए द्वार खुलेंगे । अतः मैं नागरिक नागर विमानन मंत्री जी से पुरजोर आग्रह करता हूँ कि जमुई के बिठलपुर हवाई अड्डे को तत्काल उड़ान योजना में शामिल करने की स्वीकृति प्रदान की जाए और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) को इसका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने हेतु निर्देशित किया जाए । यह विषय प्रधानमंत्री जी के 'उड़े देश का आम नागरिक' संकल्प को साकार करने से जुड़ा है ।